आईआईएम अहमदाबाद और राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष द्वारा ईएसजी पर भारत के पहले अनुसंधान चेयर की स्थापना

~ एक प्रगतिशील राष्ट्रीय ईएसजी ढांचे के लिए बातचीत को प्रोत्साहित करने की ऐसी पहल जो भारतीय कंपनियों और निवेशकों की तरफ ध्यान केंद्रित करती है

3 फरवरी, 2022: प्रमुख वैश्विक प्रबंध संस्थान - भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद (आईआईएमए) भारत के संप्रभु से लिंक्ड वैकल्पिक संपत्ति प्रबंधक - राष्ट्रीय अवसंरचना एवं निवेश कोष (एनआईआईएफ़) के सहयोग से ईएसजी में देश की पहली अनुसंधान चेयर की स्थापना करेगा।

'आईआईएमए में ईएसजी में एनआईआईएफ़ चेयर', आईआईएमए के अरुण दुग्गल ईएसजी अनुसंधान एवं नवप्रवर्तन केंद्र के सहयोग में कार्य करेगा। यह ज्ञान और अंतर्दृष्टि के केंद्र के रूप में कार्य करेगा जो एक ऐसे ढाँचे के निर्माण में मदद करेगा जो व्यवसायों और नीति निर्माताओं को क्रमशः अपने दीर्घकालिक व्यापार और शासन निर्णयों में ईएसजी को शामिल करने की अनुमति देता है।

एनआईआईएफ़ चेयर की कुछ गतिविधियों में शामिल हैं -

- विश्व स्तर पर प्रासंगिक एवं महत्वपूर्ण ईएसजी मुद्दों पर शोध करना
- दीर्घकालिक ईएसजी उन्मुख व्यापार रणनीतियों और प्रथाओं को बनाने के लिए उद्योग के साथ भागीदारी
- नीति निर्माण में सरकार (सरकारों) के ज्ञान भागीदार के रूप में कार्य करना
- ज्ञान साझा करने और नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह और एजेंसियों के साथ जुड़ना

इस निर्णय पर टिप्पणी करते हुए और उद्योग के लिए एक मौलिक तत्व के रूप में ईएसजी के बढ़ते महत्व पर विस्तार से बताते हुए, **आईआईएमए के निदेशक प्रोफेसर एर्रोल डिसूजा** ने कहा" ,हमें एनआईआईएफ के साथ ईएसजी पर इस अनुसंधान चेयर की स्थापना करते हुए खुशी हो रही है। उद्योग जगत अपने कार्यों में ईएसजी को मान्यता देने और शामिल करने के महत्व को तेजी से महसूस कर रहा है। इस क्षेत्र में व्यापक शोध की आवश्यकता है और संदर्भ के एक फ्रेम की डिजाइनिंग की आवश्यकता है जो भारतीय कंपनियों को लंबे समय में अपनी व्यावसायिक रणनीतियों और निर्णयों में ईएसजी आधारभूतता को एकीकृत करने में मदद कर सके। ईएसजी पर अनुसंधान चेयर संस्थान में नीति निर्माताओं ,व्यावसायियों और छात्रों के लिए एक रणनीतिक मार्गमानचित्र तैयार करने और गढ़ने की दिशा में काम करेगा ताकि क्षेत्र में अनुसंधान और विकास में अंतराल को

पाटने में मदद मिल सके।

एनआईआईएफ का मानना है कि फंड मैनेजरों के लिए हितधारकों के साथसाथ व्यापक समाज के - लिए एक स्थायी और जिम्मेदार लिए महत्वपूर्ण मूल्य अनलॉक करने केसमुदाय बनाना महत्वपूर्ण है। इस दिशा में एक कदम उठाते हुए ,आईआईएमए के साथ एनआईआईएफ चेयर की स्थापना से हितधारकों का एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने और देश में ईएसजी में सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने के भविष्य को आकार देने में मदद मिलेगी।

सुजॉय बोस, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनआईआईएफ ने कहा, "हम ईएसजी के क्षेत्र में आईआईएमए के साथ सहयोग करके खुश हैं, जो स्थायी निवेश के आधारशिलाओं में से एक है। यह हमारे निवेश और परिसंपत्ति प्रबंधन गतिविधियों और अधिक सशक्त भविष्य का मूल है। यह सहयोग एनआईआईएफ के एक जागरूक, जिम्मेदार निवेश व्यवसाय पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के दृष्टिकोण को पूरा करता है। ईएसजी में एनआईआईएफ चेयर का काम निवेशकों, उद्योग और नीति निर्माताओं को आगे बढ़ने के इष्टतम तरीके के बारे में स्पष्टता प्रदान करने में मदद करेगा क्योंकि हम स्थायी निवेश के प्रति दृष्टिकोण में मौलिक परिवर्तन देखते हैं। हमें विश्वास है कि उद्योग के अगले लीडर ईएसजी की सर्वोत्तम प्रथाओं को विकसित करने की मजबूत नींव से निकल आएंगे। आईआईएमए के साथ हमारी साझेदारी से मजबूत होकर, हम जीवन बीताने योग्य जलवायु को संरक्षित करने और सार्थक प्रभाव पैदा करने के इर्द-गिर्द बातचीत का नेतृत्व करने की उम्मीद करते हैं।"

आईआईएमए में ईएसजी में एनआईआईएफ़ चेयर की नियुक्ति एक सार्वजनिक घोषणा के माध्यम से की जाएगी जिसमें पात्रता मानदंड और प्रक्रिया के विवरण के साथ आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे।

आईआईएमए ने हाल ही में अरुण दुग्गल ईएसजी अनुसंधान एवं नवप्रवर्तन केंद्र का उद्घाटन किया , जिसका उद्देश्य भारतीय उद्योगोंमें सामाजिक समृद्धि और पर्यावरण स्थिरता के प्रति समान रूप से जागरूक और जिम्मेदार विकास रणनीतियों को डिजाइन और कार्यान्वित करने में मदद करने के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना है।

संस्थान और एनआईआईएफ के बीच इस सहयोग को आईआईएमए बंदोबस्ती निधि आईआईएमए) संस्थान की - द्वारा सुगम बनाया गया है (ईएफएकीकृत धन उगाहने वाली और परोपकारी शाखा जो आईआईएमए को दिए गए सभी दान की सुविधा प्रदान करती है।

आईआईएमए में ईएसजी में देश के पहले अकादमिक चेयर की स्थापना को सुविधाजनक बनाने पर, **आईआईएमए ईएफ की सीईओ सुश्री छवि मुदगल ,**ने कहा" ,हमें आईआईएमए में इस प्रक्रिया का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। आईआईएमए में ईएसजी में एनआईआईएफ़ चेयर भारतीय व्यापार परिदृश्य में ईएसजी जागरूकता और चेतना को आगे बढ़ाने के लिए आईआईएमए के प्रयासों की दिशा में आगे बढ़ाया एक कदम हैदेश में एनआईआईएफ जैसे महत्वपूर्ण हितधारकों के ,थ हीऔर सा , साथ नए और सार्थक सहयोग की खोज करना है।"

<u>आईआईएम अहमदाबाद के बारे में:</u>

भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद (आईआईएमए) एक प्रमुख वैश्विक प्रबंधन संस्थान है जो प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में सबसे आगे है। अपने अस्तित्व के 60 वर्षों में, यह अपने विशिष्ट शिक्षण, उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान के माध्यम से भविष्य के नेतृत्व का पोषण करते हुए, उद्योग, सरकार, सामाजिक उद्यम का समर्थन करते हुए, और समाज पर एक प्रगतिशील प्रभाव सृजित करते हुए छात्रवृत्ति, अभ्यास और नीति में अपने अनुकरणीय योगदान के लिए जाना जाता है।

आईआईएमए की स्थापना 1961 में सरकार, उद्योग और अंतर्राष्ट्रीय शिक्षाविदों द्वारा एक अभिनव पहल के रूप में की गई थी। तब से यह अपने वैश्विक पदचिह्न को मजबूत कर रहा है और आज इसका 80 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों और दुबई में एक उपस्थिति के साथ एक नेटवर्क है। इसके प्रमुख संकाय सदस्य और 38000 पूर्वछात्र, जो जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रभावशाली पदों पर हैं, इसकी वैश्विक मान्यता में भी योगदान करते हैं।

इन वर्षों में, आईआईएमए के शैक्षणिक रूप से बेहतर, बाजार से प्रेरित और सामाजिक रूप से प्रभावशाली कार्यक्रमों ने उच्च प्रतिष्ठा और विश्व स्तर पर प्रशंसा अर्जित की है। यह ईक्विस से अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने वाला पहला भारतीय संस्थान बना है। प्रसिद्ध प्रमुख कार्यक्रम दो-वर्षीय प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) को प्रबंधन रैंकिंग 2020 में एफ़.टी. मास्टर में 20वाँ स्थान दिया गया है और कार्यकारियों के लिए प्रबंधन में एक-वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीएक्स) को एफ़.टी. ग्लोबल एमबीए रैंकिंग 2021 में 48वें स्थान पर रखा गया है। संस्थान को भारत सरकार के राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ़), भारत रैंकिंग 2020 में भी पहले

स्थान पर रखा गया है। आईआईएमए व्यावसायिक नेताओं, नीति निर्धारकों, उद्योग के व्यवसायियों, शिक्षाविदों, सरकारी अधिकारियों, सशस्त्र बलों के कर्मियों, कृषि-व्यवसाय और अन्य आला क्षेत्रों के

विशेषज्ञों एवं उद्यमियों से युक्त विविध दर्शकों के लिए परामर्शी सेवाएं, 200 से अधिक प्रबंधित कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम, अनुकूलित, मिश्रित और खुले नामांकन प्रारूप के कार्यक्रम प्रदान करता है। आईआईएमए के बारे में अधिक जानने के लिए, कृपया यहां क्लिक करें : https://www.iima.ac.in/

<u>एनआईआईएफ़ के बारे में</u>

राष्ट्रीय निवेश कोष एवं अवसंरचना कोष लिमिटेड एनआईआईए)फ़एलअंतरराष्ट्रीय और भारतीय (जो भारत सरकार द्वारा संचालित है। ,निवेशकों के लिए एक सहयोगी निवेश मंच है एनआईआईएफ़एल अपने निवेशकों के लिए आकर्षक जोखिमसमायोजित रिटर्न उत्पन्न करने के - उद्देश्य से भारत में बुनियादी ढाँचेसे परिसंपत्ति वर्गों में निजी इक्विटी और अन्य विविध क्षेत्रों जै , निवेश करता है।एनआईआईएफ़एल दीर्घकालीन सोचता हैआर्थिक चक्रों के माध्यम से अपने निवेशों , और स ,को कुशलतापूर्वक संचालित करके रिटर्न उत्पन्न करने में विश्वास करता है्थायी निवेश सिद्धांतों के लिए प्रतिबद्ध है। एनआईआईएफ़ लिमिटेड अपने तीन फंडों फंड ऑफ ,मास्टर फंड - 4.3 प्रत्येक में अपनी विशिष्ट निवेश रणनीति के साथ ,फंड्स और स्ट्रैटेजिक अपॉर्चुनिटीज फंड बिलियन अमरीकीडॉलर से अधिक की पूंजी प्रतिबद्धताओं का प्रबंधन करता है। एनआईआईएफ़ मास्टर फंड मुख्य रूप से परिवहन और ऊर्जा जैसे मुख्य बुनियादी ढाँचा क्षेत्रों में परिचालन परिसंपत्तियों में निवेश करता है। एनआईआईएफ़ फंड ऑफ फंड्स भारत के कुछ सबसे गतिशील क्षेत्रों जैसे कि जलवायु अवसंरचनाडिजिटल उपभोक्ता प्लेटफॉर्म और ,आय और किफायती आवास-मध्यम , अन्य संबद्ध क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने वालेइस श्रेणी के सर्वश्रेष्ठ फंड प्रबंधकों द्वारा प्रबंधित फंड में निवेश करता है। एनआईआईएफ स्ट्रैटेजिक अपॉर्चुनिटीज फंड का लक्ष्य बढ़ते क्षेत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला में बड़े व्यवसायों का निर्माण करना है जो दीर्घ अवसर प्रदान करते हैं लेकिन पूंजी में कम हैं। एनआईआईएफ पर अधिक जानकारी और वर्तमान अपडेट के लिएin.niifindia.www कृपया , लिंक पर जाएँ और आधिकारिक लिंक्डइन चैनल का अनुसरण करें।

मीडिया से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए:कृपया संपर्क करें ,

सुश्री सोफिया क्रिस्टीना in.ac.iima@comm-gm |

सुश्री सुनीता अरविंद in.ac.iima@pr :ईमेल | | 7069074816-91+